Parallel to the central point in each half of the field, is one point each, at a distance of 13'6" from the centre, and circles surrounding them known as gher. The game begins with the dhop i.e the ball being thrown in the air, by a player. If the ball does not fall in the opponent's court, it is to be thrown again. The dhop has to be caught by the opposing team, and if they fail, then the other team takes the throw. If caught, the player who takes the catch proceeds to the gher of the court, and throws it to the katoni, who stands on the other gher. If the thrower fails on either count, his team forfeits the chance of a throw at the katoni, and the guilty player is requested to deliver a high lob to the opposing team, like the lob which started the game. The opposing team thus gets a chance once more for a catch and throw, at the opponents' katoni. If the katoni is hit below the waist, it is considered a kota, and the katoni becomes a hoia or a bondha, and automatically loses his status of a ghai - a name initially used for all the players.

The bondha goes over to the opposing side and tries to prevent the players of the team from catching the dhop. This move is known as aulia. If a bondha succeeds in catching the dhop in the opponents' court and can recross over to his original side without being touched by any of the opponents, he becomes a ghai, and this move is known as hora. However, he has to cross both kais and he cannot leave the court in the process of crossing over, or catching the dhop in the zone between two kais. If a team loses ten ghais as hoia or bondha, then the last ghai will be named ghai katoni, and if a kota can be done to him, then it is known as piriutha, which signifies victory for the side. If at the end of the game, there are equal number of ghais, the game is pronounced a draw.





धोपखेल

धोप एक मौसमी खेल है। यह खेल राज्य के वसंत महोत्सव के दौरान खेला जाता है। इसे रंगोली बीहू के नाम से जाना जाता है। यह खेल असल में अहोम "असम के राजपरिवार" के शाही संरक्षण में फला-फूला है। धोप खेल पुरुष और महिलाएं – दोनों खेलती हैं। इसमें रबड़ की एक गेंद का उपयोग होता है और इसे ग्यारह सदस्यों की दो टीमें खुले मैदान में खेलती हैं। मैदान की लंबाई 125 मीटर और चौड़ाई 80 मीटर होती है। मैदान के बीच में एक केंद्र बिन्दु "सेंट्रल प्वाइंट" होता है। इससे दोनों ओर 12 फीट की दूरी पर दो लाइनें खींची जाती हैं इन्हें कई कहा जाता है। कई के चार बिन्दु 125 मीटर की दूरी पर होती हैं और यहां चार झंडे लगा दिए जाते हैं। इसी तरह चारों कोनों पर चार झंडे लगा दिए जाते हैं। इन्हें चौकोर निशान के नाम से जाना जाता है। मैदान के दो आधे हिस्से में केंद्रीय बिन्दु के समानांतर, दोनों ओर एक-एक जगह केंद्र से 13 फीट 6 इंच की दूरी पर इन्हें घेरने वाले वृत्त को घेर कहा जाता है। खेल की शुरुआत धोप से होती है। यह किसी एक खिलाड़ी द्वारा हवा में गेंद उछालना है। अगर गेंद विरोधी दल के क्षेत्र में नहीं गिरती है तो इसे फिर फेंकना होता है। इस धोप को विरोधी दल को पकड़ना होता है और अगर वे नाकाम रहते हैं तो दूसरी टीम फेंकने का काम ले लेती है। गेंद हाथ में आ जाए तो गेंद पकड़ने वाला खिलाड़ी कोर्ट के घेर की ओर बढ़ता है और कटोनी की ओर फेंकता है जो दूसरे घेर में खड़ा रहता है। फेंकने वाला किसी भी तरह चूक जाए तो उसकी टीम कटोनी पर गेंद फेंकने का मौका चूक जाती है और दोषी खिलाड़ी से कहा जाता है कि वह गेंद को खूब ऊपर की ओर उछाले, वैसे ही जैसे गेम शुरू करने के समय उछाली गई थी। इस तरह, विरोध करने वाली टीम को एक बार फिर गेंद पकड़ने और विरोधी दल के कटोनी की ओर फेंकने और उछालने का मौका मिलता है। अगर कटोनी को गेंद कमर के नीचे लगती है तो इसे कोटा माना जाता है और कटोनी होइया या बोंधा बन जाता है तथा घई का अपना दर्जा खुद-ब-खुद खो देता है। यह वह नाम है जो शुरू में प्रत्येक खिलाड़ी के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसके बाद बोंधा दूसरी टीम की ओर जाता है और टीम के खिलाड़ियों को धोप लपकने से रोकने की कोशिश करता है। इस कदम को ऑलिया कहा जाता है। अगर बोंधा विरोधी के कोर्ट में धोप लपक लेता है और किसी विरोधी के छूने से बचते हुए वापस अपनी पुरानी टीम में चला जाता है तो वह घई बन जाता है और इस कदम को होरा के नाम से जाना जाता है। हालांकि इस खिलाड़ी को दोनों कई पार करनी होती है और दूसरी तरफ जाते हुए वह ना तो कोर्ट छोड़ सकता है और ना दोनों कई के बीच में धोप कैच करना छोड़ सकता है। अगर कोई टीम दस घई को होइया या बोंधा के रूप में हार जाती है तो अंतिम घई का नाम घई कटोनी रखा जाएगा और अगर उसे कोटा किया जा सकता है तो इसे पिरुथा के नाम से जाना जाता है। यह उस पक्ष की जीत है। गेम के अंत में अगर घई की संख्या बराबर हो तो गेम ड्रॉ करार दिया जाता है।

Hole Taso Dukanaram

Hole Taso Dukanaram is a peculiar game which involves the imitation of an animal called Hole Taso. This animal is quite like a cat, and runs around beating its chest alternately with both its front paws. Another remarkable feature of this animal is its ability to hold a third leg in the air, while scampering around. Consequently, the game tests a contestant's overall balance, strength and coordination

होले टासो डुकानरम

होले टासो डुकानम एक अजीब खेल है। इसमें बिल्ली जैसे एक जानवर जिसे होले टासो कहा जाता है, की नकल करनी होती है। यह अपने आगे वाले दोनों पैरों से बारी-बारी से छाती पीटता हुआ दौड़ता है। इस जानवर की एक और उल्लेखनीय खासियत यह है कि यह अपने तीसरे पैर को भी उठाकर हवा में रखकर दौड़ता रह सकता है। सभी खिलाड़ियों को इसी भांति भागना होता है। जो खिलाड़ी बीच में ही अपना संतुलन खो देता है वह आउट हो जाता है। यह खेल कुल मिलाकर प्रतियोगियों के संपूर्ण संतुलन, शक्ति और संयोजन की जांच करता है।

ASOL - TALE AAP

(Canoe Race on sand)

In this rather peculiar canoe race, the craft is built from the stem of a coconut tree, and can be of any size for its one or two participants. But in a race, the number of participants must be similar for each canoe. 15 to 20 participants take part at a time, the land of Nicobar being sandy and even. All the participants sit in their canoes keeping one leg in the canoe, and the other on the ground. They drive their canoe on the sand with the force of their limbs. The one who completes the distance in the shortest span of time is the winner. This activity involves great strength of body, especially in the hands.

असोल - तालो आप

(रेत पर डोंगी दौड़)

यह एक अनूठी डोंगी दौड़ है। इसके लिए क्राफ्ट का निर्माण नारियल के पेड़ के तने से किया जाता है और यह इसके एक या दो भागीदारों के लिए किसी भी आकार का हो सकता है। पर किसी भी रेस में भाग लेने वालों की संख्या प्रत्येक डोंगी के लिए बराबर होनी चाहिए। निकोबार की भूमि रेतीली और समान है इसलिए एक बार में 15 से 20 लोग भाग ले सकते हैं। भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी डोंगी में बैठते हैं तो उनका एक पैर डोंगी में और दूसरा जमीन पर होता है। डोंगी को रेत पर चलाने के लिए वे अपने पैरों की ताकत का उपयोग करते हैं और जो टीम कम समय में निश्चित दूरी तय करती है विजयी रहती है। इस खेल के लिए शरीर और खासकर हाथ की ताकत की आवश्यकता होती है।



Asol Aap (Canoe Race)

Canoeing is a familiar activity with the Nicobarese tribals as this was the only means of transport for their journey from one island to another. In Asol Aap, the canoe's length is approximately 100' and the number of participants in each team is fixed according to the size of the canoe. As the race takes place on the sea, and depth of water and current vary from shore side to deep sea, only two teams participate at a time. At Car Nicobar, this competition is organised by the Nicobar Athletic Association. The number of participants is generally 40 to 90, as per the size of the canoe. The race is about 5 to 6 km, and is conducted in the dry season.

असोल आप

असोल आप में डोंगी की लंबाई करीब सौ इंच होती है और हरेक टीम में भागीदारों की संख्या डोंगी की लंबाई के अनुसार निर्धारित होती है। यह दौड़ समुद्र में होती है और पानी की गहराई तथा करंट में किनारे के मुकाबले समुद्र में अंतर होता है इसलिए एक बारे में दो टीमें ही भाग लेती हैं। कार निकोबार में इस प्रतियोगिता का आयोजन निकोबार एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा किया जाता है। भागीदारों की संख्या डोंगी की लंबाई के अनुसार, आम तौर पर 40 से 90 होती है। दौड़ 5 से 6 किलोमीटर की होती है और इसका आयोजन शुष्क मौसम में किया जाता है।

Ka Ka Para Para

Children sit in circle and the leader says some birds name and utters ka ka para para. Immediately the kids start flapping their hands like wings. The leader may say some other object's name like plate or book which does not fly, followed by Ka Ka Para Para. Then children are not supposed to flap their hands. If anyone does something like flapping the hands then he/she is out of the game and the game continues.

का का पारा पारा

बच्चे गोल घेरा बनाकर बैठते हैं और और उनका लीडर किसी पक्षी का नाम लेता है और का का पारा पारा की आवाज निकालता है। इसके तुरंत बाद बच्चे अपने हाथ पंख की तरह लहराने लगते हैं। का का पारा पारा के साथ लीडर कुछ और कह सकता है। उस समय बच्चों को कुछ नहीं करना है। उस समय अगर कोई हाथ हिलाने जैसा कुछ करता है तो वह खेल से बाहर हो जाता है। इसी तरह यह खेल चलता रहता है।

Kuzhipara

Kuzhipara is played on a rectangular board with 2 rows and 7 columns. There are a total of 14 cups and 146 counters. For the counters in the game, seeds, shells, small stones are all common for use. As the game proceeds, each player distributes the shells over all the pits. The players may capture the shells, as permitted by the rules of the game. The rules of capture depend on the variant of the game played. The game ends when one of the players captures all the shells, and is declared as a winner.

12 counters are placed in each cup except the middle of each row into which only 2 counters are placed. The starting player lifts the counters from any of his holes and, going counter-clockwise, distributes one counter in each hole. If he reaches the end of his cups he goes on to the opponent's side of the board. When the player drops his last counter, he takes the counter from the next cup and continues placing them in this way. If the last counter falls into a cup with an empty cup beyond, the counters in the cup beyond the empty hole are captured by the player and put into his store. That player then continues play from the next cup containing counters. If the last counter falls into a cup with two empty holes beyond, he captures no counters and his turn is over. The next player continues play in the same way, taking counters from any of his cups and going around placing counters in a counter-clockwise direction.

If, after having a counter dropped into it, a cup contains 6 counters, those become the property of the player who dropped the counter. The round is over when no counters remain.

Once the first round is over players take the counters from their stores and fill as many of their holes as possible with counters. The winner will have a surplus of counters which are kept in his store. The loser of the first round will be unable to fill all of his holes. These unfilled holes are marked as "rubbish holes." In the next round play continues as before, but without the rubbish holes being included and the player who went first in the previous round going second.

During the game if a player has enough counters to fill any of his rubbish holes back up their status is removed and they are again used during play. The game is over when a player is unable to fill any cups with six counters at the end of a round.

कुझीपारा

इस गेम को अली गुली मने (कन्नड़), वमना गुणटालू (तेलुगू) और कुझीपारा (मलयालम) के नाम से जाना जाता है। लकड़ी के एक बोर्ड से दो खिलाड़ी यह गेम खेलते हैं। इस बोर्ड में 14 गड्ढे होते हैं। इसलिए इसका नाम है पथिनलम कुझी है जिसका मतलब चौदह गड्ढे हैं। गड्ढों के लेआउट में काफी बदलाव है। इनमें एक यह भी है कि हरेक खिलाड़ी की ओर सात गड्ढे होते हैं। इन गड्ढों में सीप, मोती, छोटी बीज या छोटी गोलियां होती हैं। इनका उपयोग काउंटर की तरह किया जाता है। गेम के कई रूपांतर हैं और यह इस पर निर्भर करता है कि प्रत्येक खिलाड़ी कितने शेल (गड्ढे) से खेलना शुरू करता है।

Vagha Bakari (the tiger and the goat)

All players but one become goats and file behind the leader who becomes the dhanagara (shepherd). Each player holds the one in front by the waist. The extra player, who is vagha (tiger), moves from side to side in front of the shepherd and tries to touch any one of the goats. The shepherd protects them by moving himself as the tiger moves. The goat touched by the tiger becomes the new tiger and the one joins the goats.

बाघ बकरी

सिर्फ एक खिलाड़ी को छोड़कर सभी बकरी बन जाते हैं और लीडर के पीछे चलते हैं जो धनागड़ा (चरवाहा) बन जाता है। प्रत्येक खिलाड़ी अपने सामने वाले की कमर पकड़ कर रखता है। अतिरिक्त खिलाड़ी जो बाघ है, चरवाहा के सामने एक ओर से दूसरी ओर जाता है और किसी भी बकरी को पकड़ने की कोशिश करता है। इस पर चरवाहा खुद वहां जाकर उसकी रक्षा करता है। इस प्रकार बाघ के संपर्क में आने वाली बकरी बाघ बन जाती है और बाघ बकरियों में शामिल हो जाता है।

Khamb-Khambolya (khamba-a pillar)

This is played in a place where there are number of pillars or posts. The number of players is one more than the number of pillars, and each player is allotted a pillar, except the chaser who has no pillar. Each of the players holds by his pillar and the chaser goes from one to another saying "khamb khambolya, dere ambolya" (oh pillar, give me a cake) and the player addressed tells him/her to go to the next door neighbour. Meanwhile, other players exchange signals among themselves and while the chaser's attention is distracted in some other direction, dash across to exchange places. The chaser, who is on the watch for a vacant pillar, dashes for one and makes the pillar-less player the chaser.

खाम्ब खमबोयला खंबा

यह ऐसी जगह पर खेला जाता है जहां कई सारे खंबे हों। खिलाड़ियों की संख्या खंबे से एक ज्यादा रखी जाती है। हर एक खिलाड़ी को एक खंबा दिया जाता है। सिर्फ बच्चे को छोड़कर जिसका कोई खंबा नहीं होता है। हर एक खिलाड़ी अपने खंबे को पकड़ता है और बिना खंबे वाला बच्चा खंबे मुझे केक दो कहते हुए एक-एक करके सभी के पास जाता है। सभी खिलाड़ी उससे कहते हैं अगले पड़ोसी के पास जाओ। इस बीच दूसरे खिलाड़ी आपस में इशारे करते हैं और जब उस बच्चे का ध्यान कहीं और होता है तो खिलाड़ी खंबा बदल लेते हैं। बीच में खड़े बच्चे की कोशिश होती है किसी भी खाली खंबे को पकड़ कर अपना बना ले।



Suraparambi / Labho

A circle is drawn on the ground under a tree. Except the chaser and one player all climb the tree. The player on the ground stands in the circle and from under his right leg throws away a stick as distant as he could. By the time the chaser runs for the stick and restores it in the circle the player on the ground climbs the tree. The game lies in the players from the tree jumping from or climbing down the tree and touching the stick before they are tagged by the chaser. The one who is tagged becomes the chaser. The throwing away of the stick is done by turns.

सुरापाराम्बी / लाभो

किसी पेड़ के नीचे जमीन पर एक गोला बनाया जाता है। दांव देने वाले बच्चे और एक खिलाड़ी को छोड़कर सभी पेड़ पर चढ़ जाते हैं। जमीन पर रहने वाला खिलाड़ी गोल घेरे में खड़े होकर अपने दाएं पैरों के नीचे से एक छड़ी को जितनी दूर फेंक सकता है, फेंकता है। बाकी लोग का काम है कि वह दौड़कर इस लकड़ी को वापस गोल घेरे में लाए। जब वह यह सब काम करता है तब जमीन पर रह गया खिलाड़ी पेड़ पर चढ़ने की कोशिश करता है और पेड़ पर का खिलाड़ी उतरकर लकड़ी को छूने की कोशिश करता है। इस दौरान इन खिलाड़ियों को दांव देने वाले बच्चे के छूने टैग किए जाने से बचना होता है। जो टैग हो जाता है वह दांव देने वाले बच्चा बन जाता है। अब दूसरा खिलाड़ी छड़ी फेंकता है और यह बारी-बारी से होता है।



Cenduphali

This is played with a soft ball (of rags or rubber) and a small stick which, to start with the game, is suspended on two stones. There may be players 24 or more in even numbers who form into two teams of equal strength. The order of players is first determined and the two teams stand at about eight feet from the suspended stick on the two sides. A player throws the ball to knock the stick off the stones and the other side try to catch the stick or the ball before they touch the ground. If neither the knocked stick nor the ball is caught by the other side, a player from them is out. If either is caught the play is equal and none is out. If the ball without knocking the stick is caught, the bowler is out.

सेन्डुफली

यह खेल रबर की गेंद और एक छोटी छड़ी से खेला जाता है। गेम शुरू करने के लिए यह लकड़ी दो पत्थरों पर रख दी जाती है। खिलाड़ियों की संख्या 24 या उससे ज्यादा पर सम संख्या में होनी चाहिए ताकि बराबर खिलाड़ियों वाली दो टीम बनाएं। खिलाड़ियों का क्रम निर्धारित होता है और दोनों टीम पत्थरों पर रखी लकड़ी के दोनों ओर आठ फीट की दूरी पर खड़ी होती हैं। एक खिलाड़ी गेंद को इस तरह फेंकता है कि लकड़ी पत्थर से अलग हो जाए। दूसरी टीम की कोशिश रहती है कि गेंद या लकड़ी का टुकड़ा हवा में उछलने के बाद जमीन पर गिरे, उससे पहले उसे पकड़ लिया जाए। अगर दूसरी टीम इनमें से किसी को भी कैच नहीं कर पाती है तो उनकी ओर का एक खिलाड़ी आउट हो जाएगा, अगर दोनों में से कोई एक कैच हो जाए तो खेल बराबरी पर रहता है और कोई आउट नहीं होता है। अगर गेंद कैच हो जाती है तो गेन्द फेंकने वाला आउट होता है।



Cock - fighting

One prominent sport in Nagaland is cock - fighting. This sport consists of kicking, solely, with the legs, and is quite similar in technique to Taekwondo. The contestants stand apart on their marks and exchange kicks. The use of hands to hit or catch is absolutely forbidden. The barrage of kicks goes on until one party or the other surrenders. The kicks can be inflicted on any part of the body except the groin. This game, most popular amongst the Sema tribe, demands superb strength and agility, speed and awesome leg work

मुर्गा लड़ाई

नगालैंड में एक प्रमुख खेल मुर्गा लड़ाई है। इस खेल में सिर्फ पैर चलाने की इजाजत होती है और यह टे-क्वान डू की तकनीक से ही खेला जाता है। प्रतियोगी एक दूसरे से अलग खड़े होते हैं और किक का आदान प्रदान करते हैं। पकड़ने या मारने के लिए हाथों का उपयोग बिल्कुल प्रतिबंधित है। पैरों का हमला तब तक चलता है जब तक कोई ना कोई समर्पण ना कर दे। शरीर के नाजुक अंगों को छोड़कर कहीं भी पैर मारा जा सकता है। सेमा जनजाति के लोगों के बीच यह गेम सबसे लोकप्रिय है। इसके लिए शानदार शक्ति और फुर्ती की आवश्यकता होती है। यह सब पैरों से पूरी तेजी से करना होता है।

Rabb di Khuti

The game is played by as many players who wish to play and who will select the key player (dyee). The players will use a soft ground and dig holes about 9" wide and 6" deep. Each hole is called a khuti. There will be as many holes as there are players. In the middle of the playing ground, a larger hole will be dug out and is referred to as rabb di khuti (God's hole).

The key player will throw a ball made of rags high into the air. The player that catches it will then be carried by the key player to enable key player to kick the ball into the hole. If he does, the two players switch and the key player will be carried enabling the other player to kick the ball. If the player kicks the ball into another player's hole, then the two will switch sides. This is repeated for all the players. If the ball lands in the rabb di khuti, the player who threw the ball will try to tag another player with the ball. All the other players try to avoid being hit.

रब दी खुड्डी

यह खेल हल्की मिट्टी वाले मैदान में खेला जाता है। खिलाड़ी करीब नौ इंच लंबा और छह इंच गहरा गड्ढा खोदते हैं। प्रत्येक गड्ढे को खुड्डी कहते हैं। मैदान में उतने ही गड्ढे बनाए जाते हैं जितने खिलाड़ी होते हैं। खेल के मैदान के बीच में एक बड़ा गड्ढा खोदा जाता है और इसे रब दी खुड्डी कहते हैं।

यह खेल जितने खिलाड़ी चाहें, खेल सकते हैं। सबसे पहले सभी खिलाड़ी मुख्य खिलाड़ी (कलमम) चुनते हैं। मुख्य खिलाड़ी एक गेंद हवा में उछालेगा। जो खिलाड़ी इस गेंद को कैच करेगा उसे मुख्य खिलाड़ी अपने साथ वहां ले जाएगा जहां से वह गेंद को पैर से मारकर गड्ढे में पहुंचा सके। अगर वह ऐसा कर लेता है तो दो खिलाड़ी बदल जाएंगे और मुख्य खिलाड़ी को ले जाया जाएगा जिससे दूसरे खिलाड़ी को गेंद किक करने का मौका मिले। अगर यह खिलाड़ी गेंद को दूसरे खिलाड़ी के गड्ढे में पहुंचा देता है तो फिर दोनों खिलाड़ी बदल जाएंगे। इसे सभी खिलाड़ियों के लिए दोहराया जाता है। गेंद अगर रब दी खुड्डी में पहुंच जाती है तो गेंद फेंकने वाला खिलाड़ी दूसरे खिलाड़ी को गेंद से मारने (टैग करने) की कोशिश करेगा और सभी खिलाड़ी गेंद से बचने की कोशिश करेंगे।

Kikli

"Kikli kleer di Pag mere vir dee Daupatta mere bhai da Phitte mun jawai da"

Many pairs can play this game and at the same time the girls recite famous couplets belonging to their native language. Two players play Kikli, standing in front of each other. They hold each other's hands crossing at wrists. Hands are held tight and straight with body leaning backwards. Their left feet are near each other and rotate only as they go round, while the right foot goes on banging and moving in a speed as they go round and round.



कीकली

यह पंजाब के लोकनृत्यों पर आधारित एक खेल है। पंजाबी लड़कियां/युवतियां यह खेल जोड़े में खेलती हैं। एक ही समय कई जोड़ियां यह खेल खेल सकती हैं। इसमें लड़कियां अपनी भाषा के मशहूर गीतों की पंक्तियां सुनाती हैं। दो खिलाड़ी एक-दूसरे के सामने खड़ी होकर कीकली खेलती हैं। वे कलाइयों पर एक दूसरे के हाथ पकड़ती हैं। हाथ मजबूती से पकड़े जाते हैं और सीधे रखे जाते हैं तथा शरीर पीछे की ओर झुका रहता है। खिलाड़ियों के बाएं पैर एक-दूसरे के पास रहते हैं और दाएं पैर से ये खूब तेजी से गोल-गोल घूमती हैं। घूमते हुए गाए जाने वाले गाने में से एक गीत कुछ इस प्रकार है-

कीकली कलीर दी पग मेरे वीर दी दुपट्टा मेरे भाई दा फिट्टे मुंह जंवाई दा।

Kichi Kichi Tambalam

"Kichuk kichuth tambalam Kiyak kiyath tambalam Machu machut tambalam Maya mayat tambalam".

This is an interesting traditional game played in villages, which has riverbanks, as this game needs sand for playing. This game improves skills like face reading, direction finding and hiding things without others knowledge even if the opponent is in front. Two players can play this game in a sand filled ground by using sticks/shell and cotton lamp wick.

A sand stage of size 1 to 1.5 feet length and width with height of 4 to 5 inches is made and the players decide who is going to hide the stick and who is going to find it. Then the player who is going to hide takes the stick and holds it in two fingers (thumb and index finger) and insert it in the sand stage from one side of it and collects it on the other side using the other hand in such a way that the stick is inside the sand and is not visible. The player has to move the stick inside the sand, confuse the opponent, and position it in a place.

He/she does this in such a way that the opponent gets confused and tries to find it. The opponent gets only one chance to find the stick, he/she needs to observe the movement of the hand and face of the player who hides the stick and should conclude where the stick would be and point it to the player who hid the stick. If he/she fails then the player who hid the stick gets one point and he/she will get a chance to hide the stick for the second time. If the player finds the stick then he/she gets the chance to hide the stick in the second round.

The game will continue until any one player wins 10 games. Once a player win 10 games the opponent should take a handful of sand and put a stick inside the sand and the winner will close the loser's eyes with his/her hands and take him to some place and ask the loser to put the sand in ground and bring him back to the starting place by eyes closed. Then the loser should search the place where he/she put the sand in ground, if he/she fails then he/she needs to do what the winner says.

किची किची थमबलम

"किचुक किचुक तम्बालम कियाक कियाथ तम्बालम मछु मछुत तम्बालम माया मायात तम्बालम"

यह नदी के किनारे वाले गांवों में खेला जाने वाला एक दिलचस्प परंपरागत खेल है। यह खेल खेलने के लिए रेतीली जगह चाहिए। इसे नदी के किनारे खेला जाता था। इस खेल से चेहरा पढ़ना, दिशा जानना और विपक्षी की मौजूदगी में दूसरों की जानकारी के बिना चीजों को छिपाने जैसे कौशल का विकास होता है। इसे खेलने के लिए दो खिलाड़ियों की जरूरत होती है। खेल सामग्री कुछ अधिक नहीं बस छड़ी, सीपियां, दिए की बत्ती और रेतीला मैदान।

रेत का एक मंच एक से डेढ़ फीट लंबा और इतना ही चौड़ा जिसकी उंचाई 4 से 5 इंच हो, बनाया जाता है। इसके बाद खिलाड़ी तय करते हैं कि कौन छड़ी को छिपाएगा और कौन ढूंढ़ेगा। इसके बाद जिसे छिपाना होता है वह छड़ी लेता है और इसे दो उंगलियों (अंगूठे और तर्जनी से पकड़ता है) और रेत के मंच में एक तरफ से डालकर दूसरी ओर से निकाल लेता है। इसके लिए वह अपने हाथों का उपयोग इस तरह से करता है कि छड़ी रेत के अंदर रहती है और दिखाई नहीं देती है। खिलाड़ी को छड़ी रेत के अंदर डालनी होता है, विपक्षी को भ्रमित करना होता है और इसे सही जगह पर रखना होता है। छड़ी को छिपाने के दौरान खिलाड़ी निम्नलिखित गाना गाता है। खिलाड़ी यह सब इस तरह से करता है कि विरोधी भ्रमित हो जाता है और इसे तलाशने की कोशिश करता है। विरोधी को छड़ी ढूंढ़ने का एक ही मौका मिलता है। इसलिए उसे छिपाने वाले खिलाड़ी के हाथों और चेहरे पर नजर रखकर अंदाजा लगाना होता है कि छड़ी कहां छिपाई जा रही है। इसी के आधार पर छड़ी छिपाने वाले को बताना होता है कि छड़ी कहां होनी चाहिए। अगर बताने वाला चूक जाता है तो छड़ी छिपाने वाले को एक अंक मिलेगा और उसे दोबारा छड़ी छिपाने का मौका मिलेगा। इस बार अगर वह छड़ी ढूंढ़ लेता है तो उसे छड़ी छिपाने का मौका मिलेगा। इस तरह यह खेल चलता रहेगा और किसी एक खिलाड़ी के दस प्वाइंट बनाने तक चलता रहेगा। सबसे पहले दस प्वाइंट बनाने वाला खिलाड़ी जीत जाएगा। जीतने वाला खिलाड़ी हारने वाले की हथेलियों में रेत रखकर उसमें एक लकड़ी लगा देगा। फिर उसकी आंख पर पट्टी बांधकर ले जाएगा और किसी जगह पर लकड़ी से साथ रेत को रखवा देगा और आंख पर पट्टी बंधी हुई ही वापस पुरानी जगह पर लाकर पट्टी खोल देगा। अब उससे कहा जाएगा कि आंख बंद रहने पर जहां उसने रेत रखा है उसे ढूंढ़े। अगर वह ढूंढ़ ले तो कोई बात नहीं। अगर न ढूंढ़ पाए तो उसे वही करना पड़ेगा जो विजेता उससे कहेगा।

Anila Naai

This game is played with six or more players at a place with small and suitable trees where one can climb up and down easily. An 'out' person is selected by playing any choosy game or by toss. The 'out' person stands in a distance from the tree away from others at the beginning. The 'out' person has to say Anila(squirrel) or Naai(dog). If he says Anila, all have to to climb the tree and if he says Naai all have to come down from the tree. The 'out' person says Anila and Naai slowly in the beginning and slightly increases the speed between Anila and Naai, so that the players move up and down from the tree quickly. All the players have to do as the 'out' person says, if anyone fails to do it or does it wrongly then he becomes 'out'. The 'out' person can also run behind the players to touch them and make them out when they are in the ground away from the tree or run from one tree to another. The players escape from the 'out' person and jump and run here and there and try not to become out The main aim of the 'out' person is to make any other player 'out'.

अनिला नाई

इस खेल को खेलने के लिए छह या उस से ज्यादा खिलाड़ियों की जरूरत होती है। यह खेल ऐसी जगह खेला जा सकता है जहां छोटे- छोटे पेड़ हों जिन पर आराम से चढ़ा उतरा जा सके। चुनने वाला कोई भी खेल खेलकर एक 'आउट' खिलाड़ी का चुनाव किया जाता है। 'आउट' खिलाड़ी शुरू में दूसरों से दूर पेड़ से अलग खड़ा रहता है। 'आउट' खिलाड़ी को अनिल (गिलहरी) या नाई (कुत्ता) कहना होता है। अगर वह अनिल कहेगा तो सबों को पेड़ पर चढ़ना होगा अगर वह नाई कहेगा तो सबों को पेड़ से उतरना होगा। 'आउट' खिलाड़ी शुरू में अनिल और नाई धीरे-धीरे कहता है और बाद में इसकी गति बढ़ाता जाता है और इस तरह अनिल व नाई बोलने के बीच की दूरी कम होती जाती है। इस तरह, खिलाड़ियों को जल्दी-जल्दी पेड़ पर चढ़ना उतरना होता है। सभी खिलाड़ियों को वही करना होता है जो 'आउट' खिलाड़ी कहता है। अगर कोई ऐसा नहीं करता है या गलत करता है तो वह आउट हो जाता है। 'आउट' खिलाड़ी का मुख्य काम किसी अन्य खिलाड़ी को आउट करना है।

Gella – Chutt

Gella - Chutt is an indigenous game of the state of Tripura. The number of participants varies from place to place within the state, and there is no rigidity as far as the dimensions of the area to be played is concerned. One group is called the out group, while the other is called the in group. Each group can have 7 to 10 players, if not more. The in group selects one player as the king, who takes up his position at a point about 20 to 25 metres away from his team members. All the players of the king's group are confined to a specified marked area which is called ghar (house). The members of the out group spill over the entire area to foil the king in his attempts to reach the ghar, without being touched by any member of the out group.

As the game begins, players of the in group run one by one, shouting 'kut, kut' or any other word of their choice. The players of the in group attempt to touch out players or make way for the king's safe passage to the ghar. The in players are permitted to stay in the king's chamber, and make a human chain from where they can touch out the out players, who are then considered dead. A player declared dead can no longer participate in the game. Thus, the king's defenders keep his foes at bay, while the king himself is involved in finding a way, whereby he can outwit his enemies and reach the ghar safely. This very process of leaving his room for the house is Gella - chutt, which literally translated means 'the king ran away'. The moment the king ventures out of his room, all the out players rush to touch him, and if any one of them succeeds, the king is declared dead. The two groups then interchange their roles.

गैला – छुट

छुट त्रिपुरा राज्य का एक स्वदेशी खेल है। प्रतिभागियों की संख्या राज्य के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग होती है, और जहां तक खेल के मैदान का संबंध है, वहां कोई कठोरता नहीं है।

एक समूह को बाहर का समूह कहा जाता है, जबकि दूसरे को अंदर का समूह कहा जाता है। प्रत्येक समूह में ७ से १० खिलाडी हो सकते हैं, यदि अधिक न हों तो। अंदर के समूह में एक खिलाड़ी को राजा के रूप में चुना जाता है, जो अपनी टीम के सदस्यों से २० से २५ मीटर की दूरी पर एक स्थान पर खड़ा होता है। राजा के समूह के सभी खिलाड़ियों को चिह्नित क्षेत्र तक सीमित रखा जाता है जिसे घर (हाऊस) कहा जाता है। बाहर के समूह के सदस्य, पूरे क्षेत्र में फैले हुए होते हैं ताकि बिना छुए घर पहुचने के राजा के प्रयासों को विफल कर सकें।

जैसे ही खेल शुरू हो जाता है, समूह के अंदर के खिलाड़ी एक-एक कर दौड़ते हैं और ''कुट, कुट'' या अपनी पसंद के किसी भी अन्य शब्द का चिल्लाते हैं। समूह के अंदर के खिलाड़ी समूह के बाहर के खिलाड़ियों को छूने का प्रयास करते हैं जिससे राजा घर में सुरक्षित आ सके। समूह के अंदर के खिलाड़ी में राजा के क्षेत्र में रहते हैं, और एक मानव श्रृंखला बनाते हैं जहां वे बाहर खिलाड़ियों को छू सकते हैं, जिन्हें तब खेल से बाहर माना जाता है। खेल से बाहर घोशित खिलाड़ी आगे खेल में भाग नहीं ले सकता। इस प्रकार, राजा के रक्षक अपने दुश्मनों को दूरी पर रखते हैं, जबकि राजा स्वयं के लिए रास्ता खोजता है, जिससे वह अपने दुश्मनों को चकमा दे सके और घर में सुरक्षित पहुंच सके। घर के लिए अपने क्षेत्र को छोड़ने को गैला-छुट कहते हैं, जिसका शाब्दिक अर्थ है ''राजा भाग गया''।

जैसे ही राजा अपने कमरे से बाहर निकलता है, सभी खिलाड़ी उन्हें छूने के लिए दौड़ते हैं, और यदि उनमें से कोई भी सफल हो जाता है, तो राजा को मृत घोशित कर दिया जाता है। दोनों समूह तब अपनी भूमिकाओं का आदान-प्रदान करते हैं।

Beh Dieng Khun

This is played by groups of players by using one small and pointed stick and one long stick. The small stick is put in a hole.

The long stick must be touched to the small one and then thrown at a distance. The distance is then measured and the one who has the largest distance gets a point and is recorded. The player with the maximum number of points is the winner.



बेह डींग खुन

यह खेल खिलाड़ियों का एक समूह खेलता है। इसके लिए लकड़ी का एक छोटा नुकीला टुकड़ा और लंबा डंडा लिया जाता है। छोटी लकड़ी को एक गड्ढे में रखा जाता है और बड़े डंडे से उसे दूर उछाला जाता है। इस दूरी को मापा जाता है और जो सबसे दूर फेंकता है उसे प्वाइंट मिलता है और रिकॉर्ड किया जाता है। अधिकत्तम प्वाइंट पाने वाला विजेता होता है।

Yubee - Lakpee (Snatching the coconut)

Yubee Lakpee is a popular outdoor game in Manipur, played only by men. It is akin to rugby, and requires a great deal of vigorous body play and stamina. Yubee in Manipuri means coconut, and lakpee means snatching. This is a seven - a - side game and is played on a field that is 45.72 by 18.29m in area. The game starts when a coconut, duly anointed, is thrown into play, from one end of the field. The coconut is greased, and each player tries to catch it. Each player exhibits his strength and agility, in both gathering the coconut and holding onto it. The game demands wrestling ability, speed, great reflexes and a sharp mind. Some scholars choose to view the game in a religious light, since it was played on the grounds of the Bijoy Govinda Temple on pichakari day, at the home of King Ananta Shayee, by persons acting as gods and demons. The game was celebrated annually on this day, re - enacting the scene from Hindu mythology involving the snatching of the pot of nectar, after the churning of the sea. The number of players may vary, but usually the maximum number of players does not exceed 24. Each player performs as an individual. After oiling his body, each player wears the ningri or waist belt, similar to the one worn in the game of Mukna.

The coconut is placed at the centre of the field, and on a signal, the players race towards it. The referee begins the game with a loud call - 's wa', occasionally he begins it by throwing the coconut into play, in centre field. The coconut is held chest - high by the player in possession, and players are not allowed to kick it.

The team, the players of which succeed in carrying the coconut into the box area (a rectangular space 4 1/2 by 3 m in area, inside the field, the central portion of the goal line forming one of its side) and over the goal line, despite foiling attempts by the opponents, wins the game. Just beyond the goal line sits the judge (in days of yore, the ningthou or king occupied this seat), and it is to him that the players dedicate the coconut.

In order to score a goal, the player has to penetrate the box area from the front, not from the sides, and he must then cross the goal line, while carrying the coconut. In case, no player succeeds in reaching the king (the judge) with the coconut, all the players are lined up and made to run a race to decide the victor. When the game really reaches a boiling point as it were, and there are too many people pouncing on the coconut, the rising ardour is cooled by dousing the players with water.

युबी - लकपी (नारियल छीनना)

युबी लकपी घर के बाहर खेला जाने वाला मणिपुर का एक लोकप्रिय खेल है। इसे सिर्फ पुरुष खेलते हैं। यह रग्बी जैसा खेल है जिसमें काफी श्रम व शक्ति की जरूरत होती है। मणिपुरी में युबी का मतलब नारियल और लकपी का छीनना है। इस गेम में एक तरफ सात खिलाड़ी रहते हैं और यह ऐसे मैदान में खेला जाता है जिसकी लंबाई 45-72 और चौड़ाई 18-29 मीटर होती है। खेल की शुरुआत तब होती है जब बाकायदा तेल लगाकर तैयार किया गया नारियल मैदान के एक छोर से खेलने के लिए मैदान में फेंका जाता है। हरेक खिलाड़ी इसे पकड़ने की कोशिश करता है और अपनी शक्ति और फुर्ती दिखाता है। इसकी जरूरत नारियल पाने और उसे पकड़े रहने के लिए होती है। इस खेल के लिए कुश्ती की योग्यता, फुर्ती और तेज दिमाग की आवश्यकता होती है। कुछ विद्वानों ने इस खेल को धर्म की रोशनी में देखने का निर्णय किया क्योंकि यह खेल राजा अनंत शायी के घर पर बिजॉय गोविन्दा मंदिर में पिचकारी दिवस पर खेला जाता था तथा खेलने वाले लोग देवता और दानव की ऐक्टिंग करते थे। यह खेल हर साल इस दिन खेला जाता था और इसमें पौराणिक कहानी का दृश्य दोहराया जाता है जो समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कलश को छीनने वाला है।

